# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 14.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना तिन्दवारी की मिशन शक्ति टीम द्वारा अवैध सूखे गांजे की बिक्री करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। मौके से 1250  ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद।**

**विवरण**- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थो के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना तिन्दवारी की मिशन टीम द्वारा अवैध सूखे गांजे की बिक्री करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि कल दिनांक 13.10.2025 की शाम थाना तिन्दवारी की मिशन टीम/एंटी रोमियो टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थी, इस दौरान सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गोखरही में एक व्यक्ति गुमती/डिब्बा(दुकान) में अवैध रुप से सूखा गांजा रखकर बिक्री करता है। सूचना पर तत्काल मिशन शक्ति टीम द्वारा मौके पर जाकर अभियुक्त को पकड़कर दुकान की तलाशी ली गई तो मौके से अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ। अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए थाना तिन्दावारी में अभियोग पंजीकृत कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

**बरामदगी-**

- 1250 ग्राम अवैध सूखा गांजा

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. मनोज पुत्र मुन्ना निवासी गोखरही थाना तिन्दवारी जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0- 235/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना तिन्दवारी जनपद बांदा।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. म0उ0नि0 रोशनी सेंगर चौकी प्रभारी कुरसेजा
2. म0कां0 ज्योति शुक्ला
3. कां0 दीपक अहिरवार